राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक– 916 / 241 / NULM / तीन / 2001(SM&ID)-III दिनांक– 25-1-18

सेवा में,
समस्त परियोजना अधिकारी
जिला नगरीय विकास अभिकरण
उ0प्र0।

विषय : आर्थिक गतिविधियों मे संलिप्त स्वयं सहायता समूहों की सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विगत समीक्षा बैठकों में अपर निदेशक / निदेशक महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों का संदर्भ ग्रहण करें।

विगत समीक्षा बैठकों मे स्पष्ट रूप से निर्देश दिये गये हैं कि सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों मे से आर्थिक गतिविधियाँ कर रहे स्वयं सहायता समूहों की सूची निर्धारित प्रारूप पर इस कार्यालय को ई–मेल nulmup@gmail.com के द्वारा तत्काल उपलब्ध करा दी जाये, जिससे राज्य स्तर पर प्राप्त सूचनाओं को संकलित करते हुए फरवरी 2018 के प्रथम सप्ताह में एक कार्यशाला का आयोजन कर समूहों द्वारा उत्पादित उत्पादों की प्रदर्शिनी आयोजित की जा सके।

यह अत्यन्त खेद का विषय है कि विगत नवम्बर माह की मासिक समीक्षा बैठक मे दिये गये निर्देश एवं तत्क्रम मे ई–मेल के माध्यम से भेजे गये 13 बिन्दु के प्रारूप पर दो माह व्यतीत होने के उपरान्त भी आज तक अपेक्षित सूचना (जनपद–अलीगढ़, सम्भल, देवरिया) को छोड़ कर किसी भी जनपद द्वारा उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

उक्त स्थिति को गम्भीरता से लेते हुए निदेशक महोदय द्वारा कड़े निर्देश दिये गये हैं कि अपेक्षित सूचना निर्धारित प्रारूप पर स्पष्ट रूप से सभी कॉलम भर कर प्रत्येक दशा में ई–मेल के माध्यम से दिनांक 27.01.2018 तक उपलब्ध करा दी जाये। उक्त सूचना को भेजे जाने मे समय–सीमा को ध्यान मे रखा जाये तथा निर्धारित प्रारूप मे अच्छे आर्थिक गतिविधि कर रहे स्वयं सहायता समूहों का अंकन वरीयता के क्रम मे किया जाये। सूची मे आर्थिक गतिविधि कर रहे अधिकतम 10 स्वयं सहायता समूहों की सूची ही इस कार्यालय को भेजी जाये।

भवदीय

संलग्नक –यथोपरि (13 बिन्दु प्रारूप)

25/1/18
(उदय प्रताप सिंह)
परियोजना अधिकारी

पत्रांक एवं दिनांक तदैव
प्रतिलिपि–

1. निदेशक / अपर निदेशक महोदय को अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. सहायक वेब मास्टर सूडा को सूडा उ0प्र0 की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(उदय प्रताप सिंह)
परियोजना अधिकारी

**दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह, जो आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय है को सूचीबद्ध किये जाने हेतु प्रारूप**

शहरी निकाय का नाम–.................................................................जनपद–...............................

| क्र. सं. | स्वयं सहायता समूह का नाम | लोकेशन (पता) | समूह गठन (तिथि/माह एवं वर्ष) | समूह के अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष का नाम व मो0नम्बर | | रिवाल्विंग फण्ड प्राप्त हाँ/नहीं | बैंक लिंकेज हाँ/नहीं | समूह द्वारा की जाने वाली आर्थिक गतिविधियों का नाम | समूह द्वारा उत्पादित उत्पाद का नाम | विक्रयश्रोत (उत्पादकों की बिक्री कैसे और कहां की जा रही है) | समस्याएं | समस्या समाधान हेतु सुझाव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | नाम | मो0नं0 | | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | | | | 1<br>2<br>3 | | | | | | | | |
| 2 | | | | 1<br>2<br>3 | | | | | | | | |
| 3 | | | | 1<br>2<br>3 | | | | | | | | |
| 4 | | | | 1<br>2<br>3 | | | | | | | | |
| 5 | | | | 1<br>2<br>3 | | | | | | | | |

नोट :–1. आवश्यकतानुसार कॉलम बढ़ा लें।

2. कृपया उपरोक्त फारमेट **Excell Sheet** मे बनाकर प्रेषित करें।

दिनांक–

CMM, CMMU DUDA

PO, DUDA